अवैध धंधा 60 से अधिक मौत के अड्डों में फैला शराब माफियाओं का साम्राज्य, जमीं पर फल-फूल रहीं फैक्ट्रियां, धधक रही अवैध भट्टियां

जबलपुर या मदिरापुर? संस्कारधानी की रगों में घुलता जहर!

जबलपुर। जब-जब जहरीली शराब जिंदगियों को लीलती है, जिम्मेदार जागते है। सागर शराब कांड के बाद मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अवैध और जहरीली शराब से दम तोड़ते युवाओं की तस्वीरें डराती हैं, इसके साथ ही जबलपुर मदिरापुर बनता जा रहा है। संस्कारधानी की जमीं पर मौत की फैक्ट्रियां, शराब की भट्टियां धधक रही हैं। रगों में घोला जा रहा यह जहर किसी एक कोने तक सीमित नहीं है। यह शहर के नामी बाजारों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बकायदा सिंडिकेट के रूप में मौत की फैक्ट्रियां फल-फूल रहा है। सरकारी फाइलों में शराब के अवैध ठिकानों की कुंडली और नाम पहले से आबकारी-पुलिस के पास मौजूद है इसके बावजूद भी इन माफियाओं के साम्राज्य को पूरी तरह से नेस्तनाबूद नहीं जाता है। प्रमुख ठिकानों पर फैला यह सिंडिकेट सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि शहर की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहा है बल्कि अवैध भट्टियां कानून की लाचारी का सबसे बड़ा कबूलनामा है।

नवभारत ने जब पड़ताल तो यह खौफनाक सच्चाई सामने आई कि

आबकारी विभाग, पुलिस के रिकॉर्ड में जिले के 60 से अधिक अवैध शराब के अड्डे है जहां शराब माफियाओं का साम्राज्य फैला हुआ है जबकि यह तो सिर्फ सरकारी फाइलों में घोषित है, अघोषित न जाने ऐसे कितने अड्डे है। शराब के इन ठिकानों की संख्या से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जबलपुर में अवैध शराब का नेटवर्क किस कदर अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है कि जिले का कोई भी कोना इस अवैध कारोबार से अछूता नहीं है। शहर की रग-रग में अवैध शराब का नशा घोला जा रहा है। शहर के बीचों-बीच और ग्रामीण अंचलों में कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्रियां धड़ल्ले से चल रही हैं जो चीख चीख कर गवाही दे रही है कि जब जहरीली शराब जबलपुर में फिर से जिंदगियों को लीलने लगेंगी तभी जिम्मेदार जागेंगे।

ऐसे भी ठिकाने : जहां गली-गली सुलगतीं है अवैध भट्टियां- पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि कुचबंधिया मोहल्ला घनी आबादी के बीच अवैध शराब निर्माण का मुख्य केंद्र है। कानून के खौफ के बिना भट्टियां सुलग रही हैं। इसके अलावा अन्ना पहाड़ी, खेरमाई मोहल्ला, खुर्सीटोला और चरघाट पिपरिया, छतरपुर, लखराम मोहल्ला खितौला, मझौली, धमकी, गोसलपुर, शांति नगर, कटंगी, कूड़न मोहल्ला, इमलई, पनागर भी शराब माफियाओ के सबसे सुरक्षित ठिकाना है जहां पुलिस को ठेंगा दिखाती अवैध भट्टियां धधकती है।

एक नजर कार्रवाई पर- अप्रैल से अगस्त तक हुई आबकारी की कार्रवाई पर अगर नजर दौड़ाई जाए तो कुल 3,425 .52 लीटर देसी शराब और 4,225 बल्क लीटर हाथ-भट्टी शराब जब्त कर चुका है। अकेले देसी मदिरा के अवैध आसवन (भट्टी चलाने), कब्जे में रखने, बेचने और तस्करी के 15 बड़े मामले दर्ज किए गए थे। वहीं, विदेशी मदिरा के अवैध निर्माण और बिक्री के 9 मामले पकड़े गए। अवैध शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 59384 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर नष्ट किया गया था।

सरेआम नामी बाजारों में सौदेबाजी

भरतीपुर और मटका बाजार- मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों में सरेआम अवैध और जहरीली कच्ची शराब खप रही।

सुअर बाजार और बल्ली बाजार- तस्करों के सबसे पसंदीदा और बेखौफ बिक्री केंद्र। कम दाम पर नशा परोसा जा रहा है।

सिंधी कैम्प और भानतलैया- बस्तियों की युवा पीढ़ी को गर्त में धकेल रहा सिंडिकेट।

शीतलामाई-घमापुर- पैर पसार चुका माफिया का जाल।

यहां भी फैला जाल, दो नए संभावित क्षेत्र भी

भीटा, अन्ना पहाड़ी, शारदा चौक, सुन्दरपुर, रिठौरी, खमरिया, भैरवघाट, पाटन, रमघाट, शहपुरा, दुर्गा नगर, जैतपुरी, देवरी पटपरा, पहाड़ीखेड़ा, काकर देही, मझौली भी अवैध, सस्ती मदिरा विक्रय क्षेत्र है जहां शराब माफियाओं के जाल फैले हुए है। इसके अलावा आबकारी रिकॉर्ड में दो नए संभावित क्षेत्र कटंगी, पाटन बायपस भी शामिल है।

दूरी का फायदा, सप्लाई के हॉटस्पॉट्स

ग्राम मंगेला और सूखा, सूरतलाई और खुर्सीटोला में वैध शराब दुकान न होने का पूरा फायदा तस्कर उठा रहे। अवैध सप्लाई के मुख्य हॉटस्पॉट्स भी बन रहे है। धमनी, कम्पोजिट मदिरा दुकान बुढ़ागर से 4 किलोमीटर की दूर है जिसका पूरा माफिया अवैध शराब तस्कर उठा रहे।

स्लम एरिया- मजदूर बस्तियों में फल-फूल रहा धंधा

चंडालभाटा, बेलबाग, बाबाटोला, कुंचबंधिया मोहल्ला, चांदमारी, अन्ना पहाड़ी शारदा चौक, मढ़ियाटोला खमरिया, बापू नगर, कुडन मोहल्ला कटंगी, गाडाघाट टपरिया, बसनिया, राजाइमलई, बघराजी, लखराम मोहल्ला खितौला में अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है।

कार्रवाई, लेकिन नतीजा सिफर.. सजती महफिलें

ऐसा नहीं है कि इन ठिकानों पर पुलिस या आबकारी की टीमें नहीं जातीं। गाहे-बगाहे भारी लाव-लश्कर के साथ छापे मारे जाते हैं, कुछ लीटर कच्ची शराब बहाई जाती है, लेकिन नतीजा? सिफर रहता है। सरकारी गाड़ी के वापस मुड़ते ही, इन ठिकानों की भट्टियां फिर सुलग उठती हैं फिर पहले जैसा जहर धड़ल्ले से बिकने लगता है।

मोर्चा खोलने के बाद भी बेबस महिलाएं

शराब की दुकानें बंद कराने और पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किए जाते हैं। शराबबंदी लागू करो के नारों के साथ महिलाएं सड़कों पर उतरती हैं, ग्रामीण अंचल से लेकर शहर में त्रस्त महिलाएं समय-समय पर लामबंद होकर इन अड्डों के खिलाफ मोर्चा खोलती हैं। शराबबंदी के नारों से सड़कें गूंज उठती हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन मिलते हैं।

अगस्त में रेलवे की रफ्तार बढ़ी माल ढुलाई 5 .4 फीसदी उछली

जबलपुर। भारतीय रेल ने अगस्त में यात्री सुविधा और माल ढुलाई दोनों मोर्चों पर विस्तार दर्ज किया। अगस्त 2025 के 130.9 मिलियन टन की तुलना में इस वर्ष 137.9 मिलियन टन माल ढोया गया, यानी 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी, जबकि माल ढुलाई से राजस्व 6.27 प्रतिशत बढ़ा। लौह अयस्क की ढुलाई 12.1, क्लिंकर 10.4, घरेलू कंटेनर 9.2 और कोयला 6 प्रतिशत बढ़ा। तैयार इस्पात, खनिज तेल, उर्वरक और अन्य सामानों की ढुलाई में भी वृद्धि हुई। इसी दौरान पांच नए गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल शुरू होने से इनकी कुल संख्या 149 पहुंच गई। इनमें मध्यप्रदेश का देवराग्राम भी शामिल है। रेलवे का दावा है कि इन टर्मिनलों से उत्पादन और खपत केंद्रों के बीच माल की आवाजाही तेज होगी और उद्योगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।

अमृत भारत नियमित हुई

यात्रियों की सुविधा के मोर्चे पर भी अगस्त में अमृत भारत की 14 सेवाओं को नियमित किया गया, जिससे इनकी कुल संख्या 86 हो गई। सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस, गोरखपुर-दिल्ली, अहमदाबाद-भागलपुर, प्रयागराज-उधना और धनबाद-कोयंबटूर जैसी सेवाओं से लंबी दूरी की किफायती कनेक्टिविटी मजबूत हुई। अगस्त में रेलवे ने 67.27 करोड़ यात्रियों को सफर कराया, जो पिछले वर्ष के 64.43 करोड़ से अधिक है। उपनगरीय यात्रियों की संख्या भी 9.02 प्रतिशत बढ़कर 38.01 करोड़ रही। त्योहारों में भीड़ संभालने के लिए 25 से 31 अगस्त के बीच रक्षाबंधन विशेष ट्रेनों के 144 फेरे चलाए गए, जबकि पिछले वर्ष 48 फेरे ही हुए थे। यानी अगस्त में रेलवे ने एक साथ यात्री सुविधा, अतिरिक्त ट्रेनें, माल ढुलाई और कार्गो ढांचे—चारों मोर्चों पर अपनी रफ्तार बढ़ाई।

हांगकांग में भारत का जलवा 10 स्वर्ण समेत 20 पदक जीते

जबलपुर। हांगकांग में 4 से 9 सितंबर तक हुई स्पेशल ओलंपिक्स ईस्ट एशिया रीजनल बॉलिंग प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य समेत 20 पदक अपने नाम किए।

स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक एवं भारतीय दल के प्रभारी दीपांकर बैनर्जी तथा विकलांग सेवा भारती की सचिव मिताली बैनर्जी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल कर देश का गौरव बढ़ाया। जबलपुर लौटे भारतीय दल के प्रभारी और खिलाड़ियों का विकलांग सेवा भारती परिवार ने भव्य स्वागत किया। संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षकों और स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्राचार्य राकेश शर्मा सहित सचिन प्रजापति, बबीता शिवहरे, मनोहर नामदेव, गुलनाज बी, मनीषा सेन, रुखसार, यादवेंद्र मौर्य, पुष्पेंद्र कुशवाहा और कपिल दीक्षित मौजूद रहे।

सोने की चैन के लिए महिला को घर से निकाला

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत कंदराखेड़ा निवासी एक महिला को शादी के बाद से प्रताड़ना दी जानी लगी। इसके बाद सोने की चैने की डिमांड कर उसे घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति, जेठ व सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज लिया है। पुलिस के मुताबिक पूजा सेन 32 वर्ष निवासी कंदराखेड़ा ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह 15 जून 22 को हिन्दू रीति रिवाज से तरूण उर्फमोनू से कंदराखेड़ा में सपन्न हुयी थी शादी में उसके माता पिता अपनी सामर्थता के अनुसार उसके उपहार स्वरूप सामान दिया था शादी के बाद से पति, सास, जेठ उसके प्रताड़ित करने लगे थे। उसे बदनाम करने के लिये उसके चरित्र पर शक करने लगे थे। पति उससे सोने की चैन के पैसे लाने की दबाव बनाने लगा उसने मना किया तो पति व सास ने उसे घर से निकाल दिया।

आरपीएफ की सतर्कता से लाखों का सामान यात्रियों को वापस

छीना मोबाइल भी बरामद

जबलपुर। जबलपुर रेल मंडल में आरपीएफ की सतर्कता से 31 अगस्त से 6 सितंबर के बीच यात्रियों को राहत मिली। अलग-अलग ट्रेनों और स्टेशनों पर छूटे ट्रॉली बैग, लैपटॉप, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज बरामद कर सत्यापन के बाद यात्रियों को सुरक्षित लौटाए गए।

माखनखेड़ी में यात्री नितीश उपाध्याय का करीब 12 हजार रुपए का सामान, जबलपुर में नीलेश झपाटे का करीब 69 हजार रुपए का लैपटॉप व अन्य सामान तथा यात्री सत्यम सिंह के करीब 69 हजार रुपए मूल्य के दो बैग सुरक्षित सुपुर्द किए गए। वहीं प्लेटफॉर्म पर मिला करीब 12,999 रुपए का रियलमी मोबाइल भी यात्री प्रमोद को वापस किया गया।सिर्फ सामान ही नहीं, जरूरतमंद यात्री भी आरपीएफ की निगरानी में सुरक्षित रहे। रेल मदद 139 से मिली सूचना पर 1 सितंबर को ट्रेन 18234 में यात्रा कर रही 54 वर्षीय महिला को आरपीएफ ने सुरक्षित रेस्क्यू कर परिजनों के परिचित के सुपुर्द किया। इसी तरह 6 सितंबर को मैहर में यात्री से छीना गया करीब 15 हजार रुपए का वीवो मोबाइल बरामद कर आरोपी सोनू रजक को हिरासत में लिया गया और आरोपी व मोबाइल को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी मैहर को सौंप दिया गया। कार्रवाई में एएसआई लोकेश पटेल और हेड कांस्टेबल राजेंद्र रैकवार की भूमिका रही।

सहायता में जुटी आरपीएफ

आरपीएफ की इन कार्रवाइयों ने एक बार फिर यात्रियों के भरोसे को मजबूत किया है। छूटा सामान हो या संकट में फंसा यात्री, सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षा और सहायता में जुटी है। मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि सामान छूटने, किसी यात्री को सहायता की जरूरत होने अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या पर तत्काल रेल मदद 139 के माध्यम से सूचना दें, ताकि समय रहते मदद पहुंचाई जा सके।

एक नजर में

तीन दिन से दहशत का पर्याय बना था ढाई फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत गढ़ा बाजार पुराने स्टेट बैंक के बगल में रहने वाले जवाहर लाल सेन के कच्चे मकान में विगत तीन दिन से एक बादामी रंग का पीली गोल धारी वाला ढाई फीट लंबा सांप दहशत का पर्याय बना हुआ था। कभी वाशरूम कभी रसोई कक्ष में तो कभी बिस्तर पर अठखेलियां करते हुए दिखाई देने के कारण सेन परिवार डरा सहमा हुआ था। रविवार सुबह दस बजे जवाहर की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप गनैता प्रजाति का सांप है, ये सांप जहरीला नहीं होता है , लेकिन बेहद गुस्सैल और आक्रामक होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

जबलपुर। कैंट पुलिस ने जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने वाले शातिर अपराधी अखिलेश पासी उर्फ बाबू पासी 35 वर्ष, निवासी बागड़ी मोहल्ला, संजय गांधी नगर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले से कई अपराध न्यायालय में विचाराधीन हैं, जिसके चलते उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला दण्डाधिकारी द्वारा 27 जुलाई 2026 को एक आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के तहत आरोपी को 6 महीने तक प्रत्येक माह की 5 और 25 तारीख को कैंट थाने में उपस्थिति दर्ज करानी थी, जिसकी तामीली 14 अगस्त 2026 को करा दी गई थी। आरोपी ने आदेश का उल्लंघन करते हुए 25 अगस्त और 5 सितंबर 2026 को बिना किसी सूचना के थाने में हाजिरी नहीं दी। इसके बाद, पुलिस ने उसके निवास स्थान के पास दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

मांगों के लिए शिक्षकों ने हनुमान के दरबार में लगाई अर्जी

जबलपुर। टीईटी, ई-अटेंडेंस के विरोध और केंद्रीय वेतनमान, समान कार्य-समान वेतन व पुरानी पेंशन की मांग को लेकर पीएमयूएमएस संगठन के शिक्षकों ने रविवार को हनुमान जी के दरबार में अर्जी लगाई। प्रांतीय आह्वान पर तहसील परिसर स्थित मंदिर में शिक्षकों ने पूजन-अर्चन कर शासन से न्याय की गुहार लगाई। शिक्षकों का कहना था कि वर्षों से राष्ट्र निर्माण में जुटे शिक्षकों को अपनी मांगों के लिए देव दरबार में अर्जी लगाना शासन के लिए भी विचार का विषय है। शिक्षकों ने टीईटी समाप्त करने, केंद्रीय वेतनमान लागू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने और ई-अटेंडेंस खत्म करने की मांग दोहराई। इस दौरान जिला प्रभारी नरेंद्र उइके, अशोक उपाध्याय, संभागीय सचिव सुरेंद्र जायसवाल, अजय सिंह ठाकुर, बलराम तिवारी, रामाधार चौधरी, मुकेश चौकसे, नेत्तलाल, सतीश त्रिपाठी, कमल किशोर गोठिया, योगेश चौधरी, डीके विश्वकर्मा, रामचरण सरेआम, रामजी बरकड़े, सुखराम और नीरज साहू सहित शिक्षक मौजूद रहे।

मानवाधिकार हनन पर सरकार को घेरने भोपाल जाएगा प्रतिनिधिमंडल

जबलपुर। अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति ने प्रदेश में मानवाधिकार हनन, पुलिस प्रशासन की अकर्मण्यता, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और भ्रष्टाचार के मामलों पर सरकार को घेरने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे ने पत्रकारवार्ता में कहा कि बालाघाट में बैगा बच्चों की मौत, सागर में जहरीली शराब से दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत, सड़कों-नालियों की दुर्दशा, दूषित जलापूर्ति, टूटते राष्ट्रीय राजमार्गों के ओवरब्रिज, ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूटना, शिक्षकों की कमी और रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर शीघ्र प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करेगा। समिति ने प्रभावशाली लोगों की अनुशंसा पर महत्वपूर्ण पदों पर बैठे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई, जहरीली शराब कांड के पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार, विश्वविद्यालय में चल रहे आंदोलन पर न्यायोचित कार्रवाई तथा राजनीतिक द्वेष से ईडी-सीबीआई की कार्रवाई रोकने सहित किसानों और युवाओं के मुद्दों पर सरकार को ज्ञापन सौंपने की बात कही।

5 घंटे कॉम्बिग गश्त : 254 वारंटी पकड़ाए

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने 5 घंटे कॉम्बिग गश्त की। धरपकड़ के दौरान कई वर्षों से फरार 110 गैर म्यादी वारिटयों एवं 73 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 71 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे

स्टेशन, बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। कॉम्बिग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर रात्रि 9 बजे से की रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर डॉ आयुष जाखड़, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 अंजना तिवारी, एएसपी पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इस दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे।

एसडीओपी सिहोरा बनी मेहन्ती, पाटन की कमान आशुतोष को

जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग ने पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा और राज्य पुलिस सेवा के 137 अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमें पाटन एसडीओपी रहे लोकेश डाबर को बैतूल भैंसदेही एसडीओपी बनाकर भेजा गया। मेहन्ती मरावी, सहायक सेनानी, 6 वीं वाहिनी, विसबल जबलपुर को एसडीओपी सिहोरा की कमान सौंपी गई है। सहायक पुलिस अधीक्षक जबलपुर शुभम सिंह ठाकुर को एसडीओपी बुरहानपुर, नेपानगर, बनाया गया है। इसी प्रकार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जबलपुर भगत सिंह गोठरिया को सहायक सेनानी उच्च न्यायालय सुरक्षा, जबलपुर की कमान सौंपी गई है। भोपाल उप पुलिस अधीक्षक आशुतोष द्विवेदी को एसडीओपी पाटन की जिम्मेदारी मिली है। केंट सीएसपी उदयभान बागरी को रीवा भेजा गया है। ग्रामीण उप पुलिस अधीक्षक आकांक्षा उपाध्याय का तबादला छिंदवाड़ा किया गया है उन्हें एसडीओपी परासिया की कमान मिली है। नीमच में पदस्थ निकिता सिंह को उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जबलपुर की जिम्मेदारी मिली है। बैरागढ़, भोपाल सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य राज सिंह ठाकुर को अपराध जबलपुर का उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

सूने मकान से लाखों का गोल्ड ले गए चोर

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत लमती में चोरों ने सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों के सोने के जेवरात पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रविवार को गगन शर्मा 40 वर्ष निवासी लमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी की बड़ी बहन जिला धार में रहती हैं। 11 सितम्बर 26 को रात लगभग 10-30 बजे पत्नी व बच्चों को जबलपुर इंदौर ट्रेन में बैठालने जबलपुर स्टेशन गया था घर में सामने व अंदर उपर की ग्रिल गेट में ताला लगाकर गया था उसके माता पिता जबलपुर कृषि उपज मंडी के पास वत्सला पैराडाइस फ्लेट में रहते हैं जहां वह रूक गया था। रविवार सुबह लगभग 10 बजे उसके पड़ोसी राजेन्द्र सोनी के घर से कॉल आया कि सामने शटर के ताले के स्थान का कुंदा टूटा है, वह घर आकर देखा तो सामने शटर का कुंदा टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा किचिन के पास ग्रिल के गेट में लगा कुंदा भी टूटा था ताला नहीं था 2 आलमारियों के लॉक टूटे हुये थे दरवाजे खुले थे आलमारी के अंदर लॉकर खुले थे सामान बिखरा हुआ था लॉकर में रखे सोने के जेवरात गायब थे।

एमपीईबी स्टोर रूम का टूटा ताला

माढ़ोताल थाने में रविवार को मुकेश कुमार विश्वकर्मा 38 वर्ष निवासी स्टार सिटी फेस 4 माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमपीईबी माढ़ोताल में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ है। सुबह 10 बजे देखा तो स्टोर रूम एवं कमरे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो स्क्रैप समेत विद्युत तार व अन्य सामान गायब था। जिसे चोर चुराकर ले गए।

पुण्यतिथि 27वीं पुण्यतिथि निर्भय दिवस के रूप में मनाई गई

भाजपा की सफलता से जुड़ा है पं. ओंकार महाराज का संघर्ष

नवभारत,जबलपुर। पं. ओंकार प्रसाद तिवारी की 27वीं पुण्यतिथि रविवार को निर्भय दिवस के रूप में विजय नगर स्थित जेडीए की 41 नंबर स्कीम में मनाई गई। यहां सभी जनप्रतिनिधियों ने पंडितजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में उपस्थित सांसद आशीष दुबे ने पं. ओंकार महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि आज भाजपा जिस मुकाम पर है, उसके पीछे का पं. ओंकार महाराज का दशकों पुराना संघर्ष है। क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेई और पं. ओकार महाराज ऐंसे विशेष व्यक्तिव के धनी और पार्टी के लिए समर्पित थे, जिन्हें आज पार्टी के शीर्षस्थ स्थान में विशेष योगदान दिया जाता है। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से

अपने संबोधन में कहा कि आज भी ओंकार महाराज का नाम लेते साथ ही शरीर में नई ऊर्जा का प्रवाह तेजी से होने लगता है। कार्यक्रम में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने पं. ओंकार महाराज के समय की याद करते हुए कहा कि उनके समय में इतना बड़ा संघर्ष कर पार्टी को स्थापित करना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन महाराज की दृढ इच्छा शक्ति और उनके कुशल नेतृत्व ने शहर ही नहीं बल्कि पूरे महाकौशल में पार्टी को स्थायित्व प्रदान करने में अपनी ऊर्जा समेत अहम भूमिका का निर्वाह किया।

प्रतिमा स्थापना को लेकर पार्टी सजग: नगर अध्यक्ष भाजपा- भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज भाजपा जिस मुकाम पर है, वह ओंकार महाराज की ही मेहनत का परिणाम है। जल्द ही उनकी प्रतिमा को दमोहनाका चौक पर सम्मान समेत पुर्न स्थापित किया जाएगा, इसके लिए तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुधीर नाईक ने पूर्ण समर्पण से इस अभियान में अपनी सहभागिता देने की बात कही। वहीं पूर्व विधायक सक्सेना ने मंच से आव्हान किया कि दादा बाबूराव परांजपे और ओंकार महाराज की प्रतिमा की पुर्न स्थापना के लिए एक सर्व दलीय समिति का गठन किया जाए, जो कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रतिमा स्थापित कराने में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह करे।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आनंद तिवारी का निधन

जबलपुर। नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक तथा गुंजन कला सदन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी का रविवार, 13 सितंबर 2026 को निधन हो गया। उनके निधन से चिकित्सा, साहित्य, कला, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। शून्य से शिखर तक अपनी कर्मठता, संघर्षशीलता और सेवाभाव से विशिष्ट पहचान बनाने वाले डॉ. तिवारी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विलक्षण था। उन्होंने जीवनपर्यंत जरूरतमंदों की सेवा को अपने कर्म का आधार बनाया और नगर की अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। डॉ. आनंद तिवारी सहज, मिलनसार, सेवाभावी और सदैव प्रसन्नचित्त रहने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस तक आनंदभाव से जीवन जीते हुए समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वे हिमांशु तिवारी एवं सुधांशु तिवारी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को रानीताल मुक्तिधाम में किया गया, जहाँ उनके ज्येष्ठ पुत्र हिमांशु तिवारी ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता,

विविध संस्थाओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चिकित्सक, साहित्यकार, कलाकार एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि डॉ. आनंद तिवारी जैसा विलक्षण व्यक्तित्व समाज में विरल होता है। उन्होंने कहा कि डॉ. तिवारी ने जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को सहजता और प्रसन्नता से स्वीकार किया तथा अंतिम सांस तक आनंदभाव से जीवन जिया। उनका सेवाभावी जीवन और आत्मीय व्यवहार सदैव स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर सनातन धर्म महासभा, अनाज तिलहन व्यापारी संघ, गुंजन कला सदन, पाथेय, सुप्रभातम्, वर्तिका, कादम्बरी, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, महाकौशल चैंबर ऑफ कॉमर्स, आईएमए, जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, मॉडेलियन भूतपूर्व छात्र संगठन, जबलपुर विकास प्राधिकरण, समरसता सेवा संगठन, नगर कांग्रेस, नगर भाजपा, हितकारिणी सभा, प्रगतिशील ब्राह्मण सभा, सनाढ्य संगम, श्रमजीवी पत्रकार परिषद, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, श्रीराम अवेयरनेस मूवमेंट, सक्षम संस्था, नगर निगम परिवार, गोपाल लालजी ट्रस्ट , दिगंबर जैन पंचायत सभा, अनुश्री परिवार, जायसवाल समाज, नवरंग कथक कला केंद्र, पीएमजी, सहित नगर की अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने डॉ. आनंद तिवारी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ. आनंद तिवारी का निधन नगर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। उनका सेवाभावी जीवन, आत्मीयता और सकारात्मक दृष्टि लंबे समय तक नगरवासियों की स्मृतियों में जीवित रहेगी।